astrobix.com

# कर्क

वैदिक ज्योतिष - चंद्र राशि आधारित



## वर्ष 2014 क्या डालेगा आपकी झोली मे ? देखें अपना वार्षिक राशिफल



# कर्क राशि की विशेषताएँ

कर्क राशि भचक्र की चौथी राशि है, इसका विस्तार चक्र 90 से 120 अंश के अन्दर का माना जाता है. इस राशि का स्वामी चन्द्रमा हैं. इस राशि के अन्तर्गत पुनर्वसु नक्षत्र का आखिरी चरण, पुष्य नक्षत्र के चार चरण तथा अश्लेषा नक्षत्र के चार चरण आते हैं. यह उत्तर दिशा की द्योतक है और स्वभाव से चर राशि है. कर्क राशि जल तत्व राशि है और इसका चिन्ह केकडा है. इस राशि के प्रभाव से आप भावुक प्रवृति के हो सकते हैं. भावनाओं के प्रभाव में बहकर बडे-बडे निर्णय ले लेना आपके लिए कोई कठिन काम नहीं है, फिर चाहे उस निर्णय का बाद में क्या प्रभाव पड़ता है, इस बात से आप उस समय अनभिज्ञ होते हैं. आप जिनके साथ पूर्ण रूप से जुड़ जाते हैं उनके साथ मित्रता भी निभाते हैं. अपने मित्रों के लिए जान तक न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं हटते है परन्तु कुछ सीमित लोगों से ही ये मित्रता कर पाते है.

यह राशि जल निकायों और पानी यानी तटीय क्षेत्रों समुद्र तटों और झरने के आसपास के क्षेत्र से संबंधित है. आपको सार्वजनिक स्थानों पर जाने के बजाय घर पर रहना अधिक प्रिय लगता है. कर्क राशि के जातकों में कर्क का एक विशेष गुण देखा जा सकता है जैसे केकडा जब किसी वस्तु या जीव को अपने पंजों में जकड़ लेता है तो उसे आसानी से नही छोडता है, भले ही इसके लिये उसे अपने पंजे गंवाने पडें. ऎसे ही कर्क राशि के व्यक्ति में अपने इसी स्वभाव के कारण यह हर बात को मन से लगा लेते हैं और उसे त्याग नहीं पाते हैं. यदि कोई बात मन को ठेस पहुंचातीहै तो वह उस बात को सोचते ही रहते हैं उसे छोड़ नहीं पाते. आपके स्वभाव में कल्पना शक्ति की अदभुत क्षमता होती है और जल की तरह लचीला स्वभाव भी होता है जिसमें डाला जाए वैसा ही आकार भी ले लेता है.

## कर्क राशि के लिए उपयुक्त कैरियर

कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा है. जिस कारण से यह एक सौम्य राशि मानी जाती है. इस राशि के स्वामी और विशेषताओं के फलस्वरूप जातक में सौम्यता व भावनात्मकता का भाव देखा जा सकता है. आप परिश्रमी और उद्यमी होते हैं. आप बडी योजनाओं का सपना देखने वाले होते हैं, आप दवाओं और द्रव्यों का आयात, अन्वेशण और खोज, भूमि या खानों का निर्माण व विकास, जल से प्राप्त होने वाली वस्तुओं आदि, जन उपयोगी कम्पनियों में काम करके भी धन कमा सकते हैं.

इसके अतिरिक्त आपके लिए उपयुक्त व्यवसायों में समुद्र में काम करने से संबंधित हो सकते हैं. आप नेवी में काम कर सकते हैं, दुग्ध उत्पादों से संबंधित काम कर सकते हैं, मछली उत्पादन, शहद का व्यापार, होटल व्यवसाय में कार्य करने जैसे कामों से भी जुड़ सकते हैं. चित्रकला, जल और सिंचाई विभाग से संबंधित, व्यापार और वनस्पति विज्ञान, कपास, चावल और सफेद धातु तथा मून स्टोन से संबंधित क्षेत्र आप के लिए उपयुक्त हैं



# 2014 कर्क राशिफल - पैसा और वित्तीय स्थिति

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही खर्चों से युक्त रह सकती है. साल का आरंभ आर्थिक स्थिति में उतार-चढाव लाने वाला रह सकता है. इस समय आपको किसी न किसी प्रकार से धन संबंधी मामलों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है. इस माह आपका धन अपने छोटे भाई बहनों के ऊपर और अपनी समस्याओं के निवारण हेतु खर्च करना पड़ सकता है. तिमाही के आरंभ में आपको आर्थिक रूप से कुछ न कुछ लोन लेने की आवश्यकता पड़ सकती है और आप अपने व्ययों को सीमित करने में भी सफल नहीं हो पाएंगे. इस समय आप अपना धन कोर्ट केसों या भू संपदा इत्यादि में लगा सकते हैं जिस कारण से आपको चिन्ताओ की स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है.

तिमाही के मध्य भाग में आपका कुछ खर्च आपके जीवन साथी के ऊपर भी हो सकता है. इसी के साथ घर की कुछ उपयोगी वस्तुओं की खरीद-फरोख्त भी आप कर सकते हैं. कमाई तो होगी लेकिन पैसा कहां जा रहा है इस बात को समझ पाना काफी मुश्किल होगा. तिमाही का अंतिम समय आपको कुछ राहत देने वाला रह सकता है. इस समय आप कुछ आर्थिक लाभ की प्राप्ति में सफल रह सकते हैं. हो सकता है कि इस समय आप अवैध रूप से धन की प्राप्ति में लगे हों. आपको चाहिए कि जहां तक संभव हो सके आप अपने व्यर्थ के अपव्यय को रोकने की कोशिश करें.

**विशेष -** आर्थिक तंगी और धन की कमी से मुक्ति पाने हेतु धन दायक कुबेर मंत्र का जाप करें.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

आपकी आर्थिक स्थिति प्रबल बनने के योग बन रहे हैं. इस तिमाही के दौरान आपको कुछ धन लाभ की प्राप्ति हो सकती है तथा अपने पिता द्वारा आर्थिक सहायता भी मिल सकती है. उच्चाधिकारियों के संबंधो के कारण आय बढ़ाने में सहयोग प्राप्त हो सकता है. तिमाही के मध्य भाग में आपके किए जाने वाले प्रयास आपको कुछ धन लाभ की प्राप्ति में सहायक बन सकते हैं. यदि आप अपने प्रयासों में लगे रहेंगे तभी कुछ प्राप्ति संभव है अन्यथा बैठे रहने से कोई फायदा नहीं होगा.

लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये मेहनत में कमी करने से बचना हितकारी सिद्ध होगा. शत्रुओं पर अपना प्रभाव बनाये रखें. बीच- बीच में धन की कमी महसूस हो सकती है. बढते हु ए व्यवसायिक व्यय आपका बजट बिगाड सकते है.

इस तिमाही में स्वयं पर विश्वास रख आप आगे बढते रहें. तिमाही का अंत कुछ खर्चों में बढो़तरी करने वाला रह सकता है.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही आर्थिक रूप से मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. तिमाही के आरंभ में खर्चे बने रह सकते हैं जिससे आपकी बचत पर असर पड़ सकता है. आप अपने परिवार की जरूरतों पर भी कुछ धन खर्च कर सकते हैं तथा स्वास्थ्य की देखभाल में भी कुछ धन खर्च हो सकता है, पर आप अपने प्रयासों द्वारा धन को कमाने में भी सफल रहेंगे.

आपकी पैसों से संबंधित परेशानियां काफी हद तक दूर हो सकती हैं. आपकी जो भी जिम्मेवारियां है आप उनका अच्छे से निर्वाह करने में सफल होंगे. इस समय ग्रहों की अनुकूलता आपकी मेहनत का फल देने वाली हो सकती है. इस समय आप अपने स्वयं पर भी कुछ धन खर्च कर सकते हैं, अपने लिए मंहगी वस्तुओं का क्रय कर सकते हैं. तिमाही के आखिर तक आपकी स्थिति में सुधार बना रह सकता है. अगर आपका पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी आपको इस समय मिलने के आसार बनते हैं.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

वित्त संबंधी मामलों के लिए यह समय अनुकूल रहेगा. आर्थिक स्थिति में मजबूती मिल सकेगी और कामों में भी कई प्रकार के नए विचार सामने आएंगे. यह तिमाही आपके लिए मिश्रित फल देने वाली हो सकती है. यह समय नई उम्मीदों और आशाओं को पूरा करने में जोश और उत्साह से भरा रहेगा. तिमाही के शुरूआत में आप धन संबंधी समस्याओ से परेशान हो सकते हैं लेकिन जल्द ही यह स्थिति काफी हद तक दूर हो सकती हैं. लेकिन इसके साथ ही साथ आपके खर्चों में भी इजाफा होता रहेगा. आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की कोशिश करनी चाहिए वर्ना आप लोगों से दूर होते जाएंगे.

आर्थिक मामलों के लिए यह समय कुछ खास रह सकता है. आपकी मेहनत का पूरा लाभ आपको मिलने की संभावना बनती दिखाई दे रही है. आप इस समय कुछ उधार लेने के बारे में भी सोच सकते हैं. ग्रहों की स्थिति में सुधार होने पर आपको राहत मिलेगी और आप अपनी पसंद की कुछ चीजें लेने के बारे में सोच सकते हैं. पैसों के मामलों में यह समय सामान्य है. आप इस समय कुछ ऐसे कामों में उलझे रह सकते हैं जो कम फायदा देने वाले हों. आप अपने आराम के लिए भी कुछ पैसे खर्च कर सकते हैं, कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं.



# 2014 कर्क राशिफल - कैरियर और प्रोफेशन

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि वालों के लिए यह तिमाही कैरियर के दृष्टिकोण से औसत स्तर की ही रहने वाली हो सकती है. इस तिमाही के दौरान आपके प्रयासों में तेजी बनी रहेगी और आप अपने काम के प्रति मेहनती बने रहेंगे लेकिन जिन फलों की आप चाह में बैठे हैं उनका मिलना कठिन लगता है. आप अपने काम में तो कटौती नहीं करेंगे लेकिन आपको अपने प्रयासों में पूर्ण सफलता शायद न मिल सके. किसी न किसी तरह से आपको नौकरी में परेशानी की स्थिति से गुजरना पड़ सकत है. आप इस समय कुछ निराश भी हो सकते हैं जिस कारण काम में मन न लग पाने की स्थिति भी उभर सकती है पर आपको चाहिए कि आप निराश ना हों और अपने काम को लगन व मेहनत से करते रहें.

आपके शत्रुओं द्वारा आपको किसी न किसी षड़यंत्र का शिकार भी बनाया जा सकता है परंतु यदि आप संयम से काम लें तो आप उन्हें असफल कर सकते हैं. अपने काम के सिलसिले में आप कुछ यात्राएं भी कर सकते हैं जो बाद के समय में आपके लिए कुछ अच्छे संकेत दे सकती हैं. प्रयासों के बावजूद कार्यक्षेत्र में औसत रुप से ही फलों की प्राप्ति होगी. किन्तु इससे निराश अथवा हताश नहीं होना चाहिए और अपने प्रयासों को करते रहना चाहिए. जिनके व्यवसाय का संबंध विदेशों से है उन्हें लाभ मिल सकता है. इस समय आपको बिजनेस संबंधी कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय समझदारी से लागू करना चाहिए.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

कैरियर की दृष्टि से इस समय अपने कार्य क्षेत्र में कई प्रकार के बदलाव देखने पड़ सकते हैं. दो ग्रहों की एक दूसरे पर दृष्टि के प्रभाव स्वरूप आप अपने क्षेत्र में अनुकूल फलों को प्राप्त करने में कुछ कमी का अनुभव कर सकते हैं. परंतु फिर भी कहीं-कहीं से कुछ सुधार की स्थिति बन ही जाएगी. सरकार की ओर से दबाव बढ़ सकता है और निजी क्षेत्र से जुडे हुए कर्मचारियों द्वारा भी परेशानी हो सकती है. इस समय आपके उच्च अधिकारी आपके काम से कुछ असंतुष्ट रह सकते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं की वह आपकी काबिलियत से अनभिज्ञ हैं. बस परिस्थितियों के बनने से कुछ असंतोष उभर सकता है.

दो ग्रहों की उच्च स्थिति के कारण व्यवसायिक लाभ बाधित होकर प्राप्त हो सकेंगे. आलस्य का भाव आपके कामकाज पर असर डाल सकता है. ऋण प्राप्ति से धन संबंधी योजनाएं पूरी होगी. शेयर बाजार में विनियोजन

करने से धन प्राप्ति के योग बन रहे है. व्यवसायिक कार्यो के लिये विदेश गमन आपके लिए अनुकुल रहेगा. अपनी प्रतिष्ठा को बचाये रखने के लिये आपको योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा. व्यवसाय में बदलाव का विचार बना सकते है. प्रयास करते रहने से कार्य पूर्ण हो सकते हैं लेकिन संघर्ष अधिक करना पड सकता है.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

अभी तक जो भी परेशानियां आपकी नौकरी में बनी हुईथीं उन पर इस समय विराम लग सकता है. तिमाही के आरंभ में आप अपने काम के सिलसिले में ट्रैवल भी कर सकते हैं. आपको इस समय विदेश जाने के मौके भी मिल सकते हैं पर हो सकता है कि यह अधिक प्रभावी न बन सकें लेकिन अवसरों की प्राप्ति तो बन ही सकती है. आपके कुछ सहकर्मी आपके रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश में लग सकते हैं.

तिमाही मध्य भाग के बाद का समय आप अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले होंगे. आप इस अवधि के दौरान अपने साझेदारों के साथ भी काम को बढा़ने का विचार रख सकते हैं. जिस कारण आपकी मेहनत में भी इजाफा होगा. कोई नई नौकरी को ज्वाईन करने के लिए आप तैयार रह सकते है.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

तिमाही की शुरूआत में काम में तेजी बनी रहेगी. आपके पास काम की अधिकता होगी और समय-समय पर आप अपनी सोच में बदलाव कर सकते हैं. कर्म भाव पर ग्रहों की दृष्टि अस्थिरता को दिखाती है बदलाव होने की संभावना बनी हुईहै. इस समय गुस्से में अधिक फैसले न लें शांत रहकर समस्याओं का सामना करेगे तो बेहतर होगा.

कारोबार में तेजी आने वाली है, साझेदारी में काम फायदा दे सकता है पर आपको शेयर मार्केट में निवेश करने से पहले से पूरी तरह से मार्किट के बारे में रिसर्च कर लेना चाहिए तभी आगे बढें. नौकरी में कुछ प्रतिद्वंदियों के कारण रुकावट अथवा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपको दूसरों के लिये भी काम करना पड़ सकता है. विदेशों में होने वाले व्यापार में तेजी बनी रहेगी, किसी बिजनेस टूर पर भी जा सकते हैं. कारोबारियों को चाहिए कि वह अपनी व्यसायिक यात्रा को करने से पहले सारे पहलुओं पर विचार करें और मुनाफे के बारे में सोच लें कि यात्रा आपके लिए लाभकारी है या नही.



# 2014 कर्क राशिफल - हैल्थ और फिटनेस

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि वालों को इस तिमाही अपने स्वास्थ्य पर पूर्ण ध्यान देने की आवश्यक्ता है. इस समय पाप ग्रहों के प्रभाव स्वरूप आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. कोई न कोई वजह आपकी सेहत पर प्रभाव डालने की कोशिश कर सकती है. इस अवधि के दौरान आपकी मानसिक चिंताओं में भी वृद्धि हो सकती है. आप का सुख प्रभावित हो सकता है.

मन में बेचैनी की स्थिति उत्पन्न होने के कारण आप व्याकुल से रह सकते हैं. व्यर्थ की परेशानी से आप स्वयं को दूर ही रखे तो अच्छा होगा. ह्रदय से संबंधित रोगों से प्रभावित व्यक्तियों को इस समय अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए. समय-समय पर आपको डाक्टरी चेकअप कराते रहना चाहिए. मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए आपको मेडिटेशन का सहारा लेना चाहिए जिससे आप स्वयं को शांत और स्थिरता दे सकेंगे.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान कर्क राशि के जातकों का स्वास्थ्य सामान्य ही बना रहेगा. इस अवधि में आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए विशेष आहार योजना अपनानी चाहिए. मौसम में बदलाव की वजह से भी आप की सेहत प्रभावित हो सकती है. इस अवधि के दौरान आपको अपनी माताजी की भी देखरेख करने की आवश्यकता है आपको चाहिए कि उनका पूरा ख्याल रखें और स्वास्थ्य के प्रति सजग बने रहें.

सुख स्थान पर पाप ग्रहों का गोचर माता के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. आपको इस तिमाही के दौरान कुछ तनाव की स्थिति बनी रह सकती है जिस कारण आपका मन अशांत रह सकता है इसलिए आपको चाहिए कि आप स्वयं को अधिक तनाव में न रखें और स्वयं को शांत रखने के लिए योग जैसी क्रियाओं का सहारा लें. अपने मन को आध्यात्मिक दृष्टकोण प्रदान करें जिससे आप सकारात्मकता की ओर अग्रसर होंगे और अपने भीतर ऊर्जा का प्रवाह पाएंगे.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह समय सेहत में सुधार का हो सकता है. लम्बे समय से चली आ रही तकलीफ में अब कमी आ सकती है और राहत मिल सकती है. हालांकि तिमाही का आरंभ स्वास्थ्य में गिरावट के संकेत दे रहा है अथवा रोग की संभावना को भी दिखाता है.

तिमाही मध्य के बाद से आपको अपनी सेहत में सुधार दिखाई देगा, लेकिन सेहत को नजरअंदाज न करें क्योंकि आपके द्वारा की गई लापरवाही आपको रोग की गिरफ्त में ले जा सकती है. इस समय बच्चों को गर्म-सर्द होने से बचाने की आवश्यकता होगी और उनके खान-पान का भी विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय मिश्रित फल देने वाला रह सकता है. तिमाही के प्रथम भाग में आपको शारीरिक दुर्बलता का अनुभव हो सकता है. इस समय आपको अपने काम की अधिकता की वजह से थकावट हो सकती है इसलिए अपने आराम का भी ख्याल रखें और अधिक दौड़-धूप से बचने का प्रयास करें. यदि इस समय आप बाहर का भोजन अधिक करते हैं तो आपको पेट में दर्द या बदहजमी की शिकायत हो सकती है.

तिमाही के आखिरी भाग में आपके स्वभाव में क्रोध की अधिकता बढ़ सकती है. जिस कारण आप मन से खिन्न रह सकते हैं. आपके पिता का स्वास्थ्य भी बाधित हो सकता है. शत्रुओं की चालें आपको मन से थका सकती हैं जिस कारण आप अपने स्तर का प्रदर्शन करने में रुकावट का अनुभव कर सकते हैं.

# 2014 कर्क राशिफल - प्रेम संबंध

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

**जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय**

प्रेम संबंधों के लिए यह तिमाही मिले जुले फल देने वाली रह सकती है. आपके प्रेम संबंधों में आपके छोटे भाई बहनों का दखल बढ़ सकता है. इसके साथ ही संबंधों में कुछ तकरार की स्थिति भी पनप सकती है. अपने गुस्से के कारण आप खुद के शत्रु बन सकते हैं इस कारण से आपको स्वयं को शांत रखना चाहिए और किसी भी प्रकार की जल्दबाजी से दूर रहना चाहिए.

इस समय हो सकता है कि आपके प्रेम संबंधों के बारे में लोगों को पता चल जाए जिस कारण आपकी परेशानियां बढ़ सकती हैं. तिमाही के मध्य भाग के दौरान आप अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की चाह रख सकते हैं.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही का आरंभ प्रेम संबंधों के लिए ज्यादा अनुकूल नहीं रहेगा. आप दोनों ही एक-दूसरे से शिकायतें करते रह सकते हैं. इस अवधि के दौरान आप दोनों एक - दूसरे की भावनाओं को समझेने में अक्षम होंगे. एक दूसरे के विचारों से सहमत हो पाना आपके लिए कठिन हो सकता है. आपके प्रेम संबंधों की बात भी खटाई में पड़ सकती है. यदि आप इस समय किसी नए रिश्ते में बंधते हैं तो हो सकता है कि वह ज्यादा लम्बे न चलें क्योकि इस समय पंचमेश मंगल पीड़ित अवस्था में गोचर करेंगे.

प्रेम संबंधों के लिए तिमाही का अंतिम समय कुछ राहत देने वाला रह सकता है. प्रेम संबंधों में कुछ सुधार हो सकता है. आपको अपने प्रेम में कुछ स्थिरता का अनुभव हो सकेगा. किसी भी प्रकार की तकरार को यह समय निपटाने वाला रह सकता है. आपको अपने प्रेमी से कुछ उपहार भी प्राप्त हो सकता है.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल नहीं कहा जा सकता, इस समय आपको कई प्रकार की खिंचतान से जूझना पड़ सकता है. आपके प्रेम संबंधों में दूसरों की दखलंदाजी भी बढ़ सकती है, इस कारण से आपके रिश्ते में भी कुछ तनातनी बढ़ सकती है लेकिन यदि आप समझदारी का परिचय देते हैं तब यह स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है और तालमेल भी बिठाया जा सकता है.

इस समय आपको अपने संबंधों की गंभीरता को समझते हुए सही निर्णय का विचार रखना चाहिए. आपको किसी न किसी प्रकार से इस समय शांत रहकर अनुकूल समय की प्रतिक्षा करनी चाहिए क्योंकि स्थिति में बदलाव अवश्य होगा.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही में आपको प्रेम संबंधों में कुछ अच्छे पल एक साथ बिताने के लिए मिल सकते हैं, पर आप में इस समय गुस्सा भी अधिक रह सकता है इसलिए कोई छोटी सी बात भी आपको अपने साथी के साथ विवाद में उलझा सकती है. गुरू की दृष्टि का प्रभाव होने पर आपके संबंधों में स्थिरता बनी रह सकती है.

इस तिमाही में आप नए प्रेम संबंधों में भी बंध सकते हैं और आपके मन में रोमांस और प्रेम की अनुभूति भी जागृत हो सकती है. आपके प्यार को विवाह की स्वीकृति भी मिल सकती है इसलिए आपको अपने को सहज बनाते हुए अनुकूल समय का इंतजार करना चाहिए.



# 2014 कर्क राशिफल - विद्यार्थी

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

विद्यार्थियों के लिए तिमाही अनुकूल फल देने में कमी कर सकती है. तिमाही के आरंभ में आप खेलकूद जैसी अतिरिक्त गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं. आप ऊर्जा और उत्साह से भरे रहेंगे और अपनी मेहनत में भी अग्रणीय रहेंगे लेकिन आपको उनका अनुकूल फल मिलने में देरी हो सकती है ऎसे में निराश न हों.

मध्य माह के बाद के समय आपको कुछ अप्रत्याशित परिणाम मिल सकते हैं. यह समय थोड़ा विपरीत हो सकता है. तिमाही मध्य के दौरान आपका मन भटक सकता है और आप अपने लक्ष्यों से भी दूर जा सकते हैं.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

शिक्षा के क्षेत्र में इस समय आपको परेशानियों को झेलना पड़ सकता है. आपका पढाई की ओर अधिक ध्यान नहीं लग पाएगा. आप अपनी शिक्षा की ओर ज्यादा एकाग्रचित नहीं रह पाएंगे. आपको अपनी सफलता को पाने में अधिक प्रयास करने पडेंगे कुछ न कुछ दिक्कतें बनी रह सकती हैं. इस तिमाही अवधि में लगातार मेहनत करते रहने से भाग्य की बाधाओं में भी कमी होगी.

व्यर्थ की बातों में ध्यान देने के स्थान पर अपनी पढाई की ओर ध्यान लगाना होगा. इस अवधि में आपकी जिम्मेदारियों में इजाफा होगा और कार्यो का बोझ भी बढ सकता है. इसलिए आप अपने लक्ष्य से भ्रमित भी हो सकते हैं. अपनी शिक्षा के लिए आप विदेश जाने के लिए तिमाही के अंत समय पर ही प्रयास करें तो बेहतर होगा.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

शिक्षा के क्षेत्र में आपको कडी मेहनत करने की आवश्यकता रहेगी. इस समय आपको अपने प्रयासों में तेजी करने की जरूरत है. आप किसी भी प्रकार से अपने ध्यान को भटकने न दें क्योंकि ग्रहों की स्थिति के कारण आपका मन पढाई की ओर से दूर रह सकता है.

आप अपना मन व्यर्थ की बातों पर नहीं लगाएं अन्यथा आपकी शिक्षा में कुछ न कुछ अवरोध उत्पन्न होते रहेंगे. शिक्षा पर भी कुछ धन खर्च हो सकता है, छात्रों की पढाई में पैसों की किल्लत सामने आ सकती है.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यह समय शिक्षा के लिए पहले से अधिक अनुकूल रह सकता है. अभी तक पढाई में जो भी कमी रही है वह अब दूर हो सकती है यदि आपने अपनी शिक्षा में लापरवाही नहीं बरती हो तो आपको इस समय अच्छे फल प्राप्त हो सकते हैं.

जो छात्र कालेज की शिक्षा से जुडे हैं उनकी राजनीतिक विषयों में दिलचस्पी बढ़ सकती है. आप यदि किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहें हैं तो आपको सकारात्मक फल मिल सकेंगे. इस समय आप स्टेज संबंधी गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन कर सकते हैं. आपको चाहिए की आप अपने अध्यापकगण से कोई बैर न पालें उनके प्रति सम्मान बनाए रखें अन्यथा आपको इसका अच्छा खासा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है.



# 2014 कर्क राशिफल - यात्रा

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों के लिए यह तिमाही यात्राओं में कुछ दिक्कतें देने वाली रह सकती है. इस समय के दौरान आप कम दूरी की यात्राओं में अधिक व्यस्त रह सकते हैं. अपने साथी के साथ भी आप कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं.

पाप ग्रहों की दृष्टि के प्रभाव से आप अपनी यात्रा में कुछ असहज भी महसूस कर सकते हैं. गुरू की स्थिति के कारण कुछ लम्बी यात्राओं के संयोग भी बन सकते हैं. तिमाही के अंत में आप किसी अच्छे धार्मिक स्थलों या फिर बिना कीसी को बताए गुप्त यात्राओं पर भी जा सकते हैं.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही आपको यात्रा करने के कई मौके प्राप्त होंगे. आपको तिमाही के आरंभ में अपनी यात्राओं में कुछ अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त नही हो पाएंगे या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बारंबार यात्रा करनी पड़ सकती है. इस समय आप अपने कार्यक्षेत्र को आगे बढाने के लिए भी कुछ यात्राओं में लगे रह सकते हैं.

तिमाही के मध्य भाग में आप अपने आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कोई जोड़ तोड़ कर सकते हैं. जिसके लिए आपको कहीं बाहर आना जाना पड़ सकता है. आयात निर्यात के कामों में भी आप विदेशों की यात्रा को कर सकते हैं. यात्रा में आपको कुछ परेशानियां भी उठानी पड़ सकती है.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

इस तिमाही के दौरान आप विदेशों से संबंधित कामों के लिए यात्रा करने का विचार कर सकते हैं. इस स्थिति में आप अपने लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव भी देख सकेंगे. कलावर्ग के लोग अपनी योग्यता का परिचय बाहर भी दिखाने में सफल होंगे.

तिमाही मध्य के दौरान आप अपने काम के सिलसिले में भी यात्राओं पर जा सकते हैं. मध्य भाग में आपकी यात्राएं स्थगित भी हो सकती हैं या कोई अड़चन आने की वजह से यात्रा में देरी हो सकती हैं. इस अवधि के दौरान आप अपने बच्चों के साथ भी कहीं छुट्टियों को बिताने के लिए जा सकते हैं.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

यात्रा के संदर्भ में अब का समय आपको अच्छे फल देने वाला हो सकता है. आपकी यात्राएं आपको नौकरी में भी प्रमोशन दिलाने में सहायक सिद्‌ध हो सकती हैं. आपके साझेदारों के साथ किए जाने वाले कामों में भी यह यात्राएं कई प्रकार से लाभकारी बनी रह सकती हैं. आपको इन सभी के साथ अपनी यात्रा में कुछ अन्य लोग व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश कर सकते हैं.

वरिष्ठ अधिकारियों या निचले तबके के लोगों से भी कुछ सुविधा हो सकती है. कहीं न कहीं जाने की तैयारियों में लगे रह सकते हैं. काम में होने वाली यात्राएं आपको अच्छा प्राफिट देने वाली हो सकती हैं. आपके साथी के काम से भी आपको लाभ मिल सकता है या आप उन्हीं के काम से बाहर जा सकते हैं.



# 2014 कर्क राशिफल - परिवार

## जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक का समय

कर्क राशि के जातकों की पारीवारिक स्थिति के लिए यह तिमाही मिश्रित फल देने वाली रह सकती है. तिमाही का आरंभ पारीवारिक सुख के नजरिए से ज्यादा अच्छा नही है. आपकी वाणी में कटुता का भाव रहने की संभावना बनती है. इस समय आपको मानसिक चिंता अधिक रह सकती है.

जीवन साथी के साथ भी कुछ मन मुटाव की स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं. इसलिए आपको चाहिए कि आप स्वयं पर नियंत्रण बनाए रखें और अपनी बुद्धि को भ्रमित न होने दें. घर में संपत्ति से संबंधित विवाद का भय बन सकता है. जमीन से जुड़े मसलों पर आपको कोर्ट इत्यादि के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं. जाती तिमाही में कुछ सुधार की उम्मीद रख सकते हैं लेकिन बच्चों की ओर से कुछ चिन्ता हो सकती है. पिता-पुत्र में मतभेद हो सकते है.

## अप्रैल 2014 से जून 2014 तक का समय

इस तिमाही में आप बिना कारण चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं. जरा - जरा सी बातों को आप तूल दे सकते हैं. आपको ऎसी बातों से बचना चाहिए. दाम्पत्य जीवन कुछ खास नहीं रहेगा और इस कारण आप दोनों के मध्य तनाव बढ़ सकता है. आप दोनों एक - दूसरे पर छोटी - छोटी बातों को लेकर छींटाकशी कर सकते हैं जिसका दुष्प्रभाव आपकी संतान पर पड़ सकता है. आपकी वाणी कठोर हो सकती है.

परिवार में जमीन आदि के मामलों को लेकर कुछ विवाद हो सकता है, जिसके कारण आपका घरेलू सुख बिलकुल ही खतम हो सकता है. वाद - विवाद को खतम करने में ही आपकी भलाई है अन्यथा आपको कोर्ट आदि के चक्कर काटने पड़ सकते हैं. माता का स्वास्थ्य चिन्ता का विषय बन सकता है. घर का विवाद तिमाही के अंत में कुछ शांत हो सकता है और आप अपने शत्रुओं पर नियंत्रण पाने में कामयाब हो सकते हैं.

## जुलाई 2014 से सितंबर 2014 तक का समय

परिवार में मेहमानों का आगमन हो सकता है और चहल-पहल बनी रह सकती है. आपके जीवन साथी का झुकाव माता की ओर अधिक रह सकता है. सास बहु के संबंधों में प्रगाढ़ता बनी रहेगी. आपके भाई बहनों के साथ आपका प्रेम बना रहेगा और उनकी ओर से आपको कुछ तौहफे भी मिल सकते हैं. इस समय आपको अपनी माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए उनकी उचित देखभाल करें और उन्हें मानसिक चिंता से दूर रखें.

संतान की ओर से आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, कहीं न कहीं दुविधा की स्थिति भी आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है. बच्चों को गलत संगत में जाने से रोकें अन्यथा दिक्कत उभर सकती है. इस समयावधि में आप कुछ धन को दान में भी देने का सोच सकते हैं आध्यात्मिक झुकाव के चलते आप धर्म कर्म के कामों में रूचि बनाए रखेंगे.

## अक्तूबर 2014 से दिसंबर 2014 तक का समय

साल की आखिरी तिमाही में कामों में वृद्धि हो सकती है आप अपने कार्यक्षेत्र से जुडी़ समस्याएं अपने घर तक भी ला सकते हैं जिससे माहौल में कुछ गंभीरता आ सकती है. इस समय आप अपने और दूसरों के लिए कुछ अच्छी वस्तुओं का क्रय भी कर सकते हैं. वाहन इत्यादि की खरीद करने की कोशिश भी आपके मन में बलवती हो सकती है. घर पर विवाह इत्यादि शुभ कार्यक्रम आयोजित हो सकते हैं.

आपके जीवन साथी के साथ आपका तारतम्य अच्छा बना रहेगा. आप उनके प्रेम की प्राप्ति में सफल रहेंगे और जीवन की सुगमता से स्वयं को आगे तक ले जाने में सफल होंगे. इस तिमाही में आपके घर में समारोह अथवा उत्सवों को मनाए जाने का आयोजन किया जा सकता है. सगे संबंधियों से मुलाकाते होंगी व पुराने दोस्तों को मिलने के भी मौके मिलेंगे. कुछ अजनबियों से दोस्ती आगे तक जा सकती है.

## 2014 में कर्क राशि के लिए उपाय

इस वर्ष आपको नियमित रुप से हनुमान चालीसा का पाठ सात बार संध्या समय में प्रतिदिन करना चाहिए. इसके साथ ही आप हर शनिवार संध्या समय में सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पीपल के वृक्ष की परिक्रमा सात बार करें. एक बात का ध्यान यह रहे कि दीया व तेल शनिवार को खरीदना नहीं है. पहले से ही लेकर रखें. जब आप दीया जलाएं तब एक बात यह ध्यान रहे कि आप सूर्यास्त होने के बाद और अंधेरा होने से पहले दीपक जला लें.